श्रद्धालुओं से भरा ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, 1 की मौत, 5 घायल

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 अगस्त । मौर विसर्जन के लिए धौलपुर के मचकुंड जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो वाहन में पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि 4 महिलाओं सहित पांच श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा एनएच-44 हाईवे पर चंबल नदी के पुल पर होना बताया जा रहा है।

जानकारी मे अनुसार 29 अगस्त को मौर छठ के मौके पर पड़ौसी प्रांत राजस्थान के धौलपुर जिले में स्थित मचकुंड पर मौर विसर्जन किए जाने की अंचल में परंपरा है। मौर विसर्जन करने के लिए आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु मुरैना से श्री-व्हीलर ऑटो वाहन में सवार होकर धौलपुर जा रहे थे। इसी दौरान उनका ऑटो वाहन एनएच-44 हाईवे पर चंबल नदी के पुल से गुजर रहा था। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने

मौर विसर्जन के लिए जा रहे थे मचकुंड, चंबल नदी के पुल पर हुआ हादसा

ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। घायलों को तत्काल धौलपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान महिला सरोजदेवी 54 पत्नी दर्शनलाल जाटव निवासी लालौरखुर्द मुरैना की मौत हो गई। जबकि अंगूरी देवी 60 पत्नी रामजीलाल जाटव, शीला बघेल 55 पत्नी दीवान बघेल, रजनी जाटव 40 पत्नी दीवान जाटव, रेखा 30 पत्नी गजराज बघेल और दर्शनलाल जाटव (57) हादसे में घायल हुए है। सभी घायलों को उनके परिजन ने धौलपुर से लाकर मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

ननि आयुक्त ने प्रतिमा विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 अगस्त । ढोल ग्यारस और पूर्णिमा के मौके पर होने वाले गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियों के सिलसिले में शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त ने अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक के बाद आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने आसन नदी एवं क्वारी नदी के घाटों पर पहुंचकर विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया।

तैयारियों को लेकर हुई बैठक में आयुक्त श्री धाकरे ने अधिकारियों से कहा कि 1 सितंबर तक विसर्जन स्थलों पर बेरिकेडिंग, लाईटिंग, पहुंच मार्ग के गड्ढों के भराव के कार्य को पूरा कर लिया जाए। विसर्जन स्थलों का निरीक्षण करते हुए आयुक्त श्री धाकरे ने स्वास्थ्य अमले एवं गाड़ीअड्डा प्रभारी को आसन नदी और क्वारी नदी के घाटों के आसपास साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त श्री धाकरे के साथ ननि के जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान, स्वास्थ्य अधिकारी अंकित द्विवेदी, जगदीश टैगोर, गाड़ीअड्डा प्रभारी रवि घुरैया, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, ऋषिकेश मुदगल सहित संबंधित शाखाओं के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

ननि के अधिकारी अटका रहे वार्ड के विकास कार्यों की फाइलें

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 अगस्त । शहर के वार्ड-15 के अंतर्गत गलियों में सीसी रोड और नाली निर्माण से संबंधित फाईलों को नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा

वार्ड 15 पार्षद के नेतृत्व में वार्डवासियों ने ननि आयुक्त को दिया ज्ञापन

अटकाया जा रहा है। जिसकी वजह से विकास कार्यों के होने में देरी हो रही है। इसका खामियाजा वार्ड के नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

नगर निगम के वार्ड-15 के भाजपा पार्षद युवराज डण्डौतिया के नेतृत्व में वार्डवासियों द्वारा शुक्रवार को ननि आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में यह आरोप ननि के अधिकारियों पर लगाए गए है। ननि के अधिकारियों, कर्मचारियों की मनमानी से आक्रोशित पार्षद श्री डण्डौतिया, वार्ड के नागरिकों के साथ शुक्रवार को ननि दफ्तर पहुंचें, जहां उनके द्वारा प्रदर्शन भी किया गया। प्रदर्शन के बाद दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि निर्माण संबंधित फाईलों में हो रही देरी के संबंध में पार्षद श्री डण्डौतिया द्वारा कई बार ननि आयुक्त को अवगत कराया जा चुका है। ज्ञापन में श्री डण्डौतिया ने कहा कि ननि के अधिकारियों द्वारा भाजपा पार्षदों के वार्डों में आमजन से जुड़े कार्यों में व्यवधान डालने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि अगर निर्माण कार्यों में इसी प्रकार व्यवधान डालने का प्रयास किया जाता रहा तो वार्ड 15 के नागरिक धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेन्द्र सिंह राठौर, दिनेश राठौर, मोनू, देवेन्द्र, रामकुमार शर्मा, विजेन्द्र राठौर, धर्मा राठौर, सोनू राठौर, मनीष, पं. अनिल करसोलिया, जगदीश पाराशर, विश्वनाथ शर्मा, मुन्नालाल राठौर, घनश्याम, सतीश राठौर, मनोज राठौर, रामबरन शर्मा आदि शामिल है।

1 सितंबर को स्कूलों में किया जाएगा संकल्प पत्र का वाचन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 अगस्त । हमारा

मप्र शिक्षक संघ के तत्वावधान में होगा आयोजन

विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत 1 सितंबर को मप्र शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा शासकीय विद्यालयों में पहुंचकर संकल्प पत्रों का वाचन किया जाएगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में देशभर में मप्र शिक्षक संघ द्वारा 1 सितंबर को संकल्प पत्रों का वाचन किया जाएगा। अभियान के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षाधिकारी, डीपीसी, प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी शिवराज शर्मा, बीआरसी देवेन्द्र तोमर विशेष रूप से उपस्थित थे। बताना होगा कि हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान का उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है।

शुक्रवार को विमोचन कार्यक्रम में मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार, रामबरन सिंह सिकरवार, श्याम सिंह भदौरिया, रामअवतार सिकरवार, राघवेन्द्र धाकरे, पीके त्यागी, रजनी भदौरिया, रामदास पिप्पल, सुरेन्द्र सिकरवार, गौरव तोमर, कसान कुशवाह, रणवीर कंषाना, उपेन्द्र जादौन, मधु तोमर, नीलू मिश्रा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामवीर सिंह राठौड़ ने की। संचालन महेश कुमार गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन बिंदु सोलंकी ने किया।

एक नजर में

आज पोरसा कस्बे में 4 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

मुरैना/पोरसा, 29 अगस्त । विद्युत लाईनों के रखरखाव एवं अति आवश्यक मेंटनेंस कार्य के चलते कस्बा पोरसा में आज 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत सप्लाई पूरी तरह से बंद रहेगी। मप्र विद्युत वितरण कंपनी के एई इंद्रेश्वर सिंह ने बताया कि 30 अगस्त को 33 केवी पोरसा व उपकेंद्र पर संधारण कार्य किया जाएगा। जिसकी वजह से समस्त पोरसा नगर जिसमें अंबाह रोड, अटेर रोड, भिंड रोड, खंडा रोड, जौटई रोड, किर्रायच रोड, धनेटा रोड सहित सिटी फीडर नंबर-1, 2 एवं 3 से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी। विद्युत कटौती के समय को आवश्यकता अनुसार घटाया और बढ़ाया जा सकता है।

अगली पीढ़ी के लिए हरित धरोहर छोड़ने का संकल्प है पौधारोपण

मुरैना/जौरा । पौधारोपण सिर्फएक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित धरोहर छोड़ने का संकल्प है। अमृत मित्र पहल से जौरा हरियाली और स्वच्छता के नए आयाम स्थापित करेगा। यह बात नगर पालिका जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने कही। श्री माहेश्वरी शुक्रवार को अमृत मित्र पहल अभियान के तहत नपा जौरा द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन सिविल हॉस्पीटल परिसर में हुआ। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में नपा सीएमओ वीरेन्द्र सिंह रावत, संगीत शर्मा, स्नेहा सिंहल, काजल शर्मा, विशंभर धाकड़, महेश सविता, अजय शर्मा, दिनेश सिकरवार एडवोकेट आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजन ने रोपे गए सभी पौधों की देखभाल किए जाने का संकल्प भी लिया।

मौर विसर्जन करने मचकुण्ड पहुंचे हजारों श्रद्धालु

मुरैना । शुक्रवार को मौरछठ के मौके पर नवविवाहितों की मौर विसर्जित करने के लिए हजारों की संख्या में लोग धौलपुर स्थित मचकुण्ड पहुंचें। मचकुण्ड मेले के लिए जाने वालों की भीड़ दिनभर बस स्टैण्ड पर देखने को मिली। हालात यह थे कि धौलपुर की ओर जाने वाले सभी यात्री वाहनों ठसाठस भरे हुए दिखाई दे रहे थे। बताना होगा कि तीर्थराज मचकुंड पर कालयवन राक्षस का वध करने के बाद भगवान श्री कृष्ण को रणछोड़ का नाम मिला था, जिसके बाद से ही रणछोड़ नगरी में प्रतिवर्ष ऋषि पंचमी और देव छठ के मौके पर लक्खी मेले का आयोजन किया जाता है। गुरुवार को ऋषि पंचमी से शुरू हुए लक्खी मेले के दूसरे दिन देव छठ के मौके पर शुक्रवार सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मचकुंड सरोवर पर पहुंचना शुरू हो गया। राजस्थान के साथ उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु मचकुण्ड पहुंचें।

दो पक्षों के बीच मारपीट, क्रॉस मामला दर्ज

मुरैना । जींगनी गांव में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े और मारपीट को लेकर माताबसैया थाना पुलिस ने मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज किया है। पुलिस ने दीपेन्द्र पुत्र संतलाल यादव नि. जींगनी की रिपोर्ट पर जितेन्द्र, भावना यादव के विरुद्ध तथा जितेन्द्र पुत्र रामकेश यादव की रिपोर्ट पर दीपेन्द्र, कलियान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

जौरा में अधेड़ व्यक्ति की मारपीट, मामला दर्ज

मुरैना । जौरा थाना क्षेत्र के ब्लॉकपुरा में रहने वाले मुरारीलाल प्रजापति 58 पुत्र विश्राम प्रजापति की 28 अगस्त को कान्हा, रामनिवास, रामकुमार उर्फ गुड्डुआ सिकरवार, गांधी सिकरवार ने मिलकर गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

तन के साथ मन को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं खेल : अंजना

नवभारत न्यूज

मुरैना/कैलारस, 29 अगस्त । राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 29

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

अगस्त को कैलारस में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस मौके पर नगरपालिका

कैलारस की अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल मुख्य रूप से उपस्थित थी। उन्होंने खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल मानव जीवन का अहम हिस्सा है। हमारे तन के साथ मन को स्वस्थ बनाए रखने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी कालीचरण बंसल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की प्रभारी श्रीमती सोनल बंसल, राजेंद्र शुक्ला, अखिलेश गौड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन में करीब डेढ़ सैकड़ा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया।

बालक वर्ग में सीएम राइज स्कूल ने विजेता का खिताब जीता जबकि लिटिल वैली स्कूल उप विजेता रहा। बालिका वर्ग में शासकीय कन्या विद्यालय की टीम विजेता और लिटिल वैली स्कूल की टीम उपविजेता रही। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ब्लॉक कॉऑर्डिनेटर श्रीमती सोनल बंसल के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों ने किया वाद-विवाद कौशल का प्रदर्शन

मुरैना, 29 अगस्त । टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को कम्प्यूटर एक शिक्षक की जगह ले सकता है और महिला सशक्तिकरण विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने संबंधित विषयों पर अपने तर्क प्रस्तुत कर वाद-विवाद कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्रथम राउण्ड में जुपिटर और नेप्च्यून ग्रह के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। इसी प्रकार दूसरे राउण्ड में साइबर अपराध विषय को लेकर जूपिटर और नेप्च्यून हाऊसों के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें नेप्च्यून हाऊस विजेता रहा। संस्था की प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने विजेताओं को बधाईयां दीं और हारे हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

20 क्वार्टर देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

मुरैना, 29 अगस्त । बानमोर पुलिस ने 28 अगस्त को कलींदे का पुरा में पहाड़ के नीचे से लोकेन्द्र उर्फ लुक्का गुर्जर नि. कलींदे का पुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से देशी शराब के 20 क्वार्टर जब्त किए। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट का केस दर्ज किया गया है।

शराब के लिए पैसे न देने पर पीटा

मुरैना । सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुकान चलाने वाले शिवकुमार मित्तल पुत्र मुन्नालाल मित्तल नि. नैनागढ़ रोड मुरैना की 28 अगस्त को पीयूष, निक्की तिवारी ने शराब के लिए पैसे न देने पर दुकान में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

ट्रक ड्राईवर के विरुद्ध केस दर्ज

मुरैना । सिविल लाईन थाना क्षेत्र में एक्टिवा सवार शाकिर खान और उसकी पत्नी रूबीना एवं पुत्र आरिस खान को ट्रक क्र. आरजे14-जीके-1364 के चालक ने काका ढाबा के पास टक्कर मार दी थी। हादसे में पांच वर्षीय आरिस की मौत हो गई थी। पुलिस ने ट्रक के चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेलों में रुचि जरूर रखें : जिपं सीईओ

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 अगस्त । राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 के अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025 तक स्व. मेजर ध्यानचंद की जयंती पर

खेल दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव की मौजूदगी में शुक्रवार को

रस्साकशी और साईकिल रैली का आयोजन हुआ।

इस मौके पर जिपं सीईओ श्री भार्गव ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि रखनी चाहिए। तदुपरांत फिट इंडिया शपथ का वाचन किया गया। शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती पर प्रात: 8 बजे नीलवर्ड स्कूल में पुष्पांजलि एवं फिट इंडिया शपथ कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी प्रशांत कुशवाह, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, खेल विभाग के प्रशिक्षक एवं कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा खिलाड़ी उपस्थित रहे। 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच मॉडल स्कूल में सितौलिया, चम्मच दौड़ प्रतियोगिताएं हुईं।

आम सूचना

श्री ओमप्रकाश मालोनिया पुत्र श्री भंताराम मालोनिया के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति प्रकोष्ठ/दुकान सम्पति, स्थित सुमित चन्द्र शास्त्री मार्केट, कोतवाली पड़ाव, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में स्थित है जो नगर पालिका मुरैना वार्ड क्र .23 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 102 वर्गफुट है और उक्त सम्पति की चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व-सम्पति विक्रेता, पश्चिम-लिफ्ट के लिये जगह, उत्तर-शामलाती रास्ता 8 फुट चौड़ा एवं दक्षिण-सम्पति श्री बाबूलाल जैन है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री महिपाल ग्यासीराम के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री महिपाल ग्यासीराम का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री सुमति चन्द्र जैन शास्त्री पुत्र स्व. श्री महिपाल ग्यासीराम उनकी सम्पति के मालिक हुये। श्री सुमति चन्द्र जैन शास्त्री का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री अनिल जैन पुत्र स्व. श्री सुमति चन्द्र जैन शास्त्री, श्रीमती निर्मला देवी पत्नी स्व. श्री अशोक कुमार जैन पुत्री स्व. श्री सुमति चन्द्र जैन, श्री सुधीर कुमार जैन एवं श्र सुनील कुमार जैन पुत्रगण स्व. श्री सुमति चन्द्र जैन उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं नगर पालिका मुरैना में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री अनिल जैन एवं श्रीमती निर्मला देवी द्वारा उक्त सम्पति के सम्बन्ध में श्री सुधीर कुमार जैन एवं श्र सुनील कुमार जैन के पक्ष में रजिस्टर्ड हस्त्यागपत्र दिलेख क्र .एमपी25792018ए1178268 दिनांक 19.03.2018 को सम्पादित किया गया था। श्री सुधीर कुमार जैन एवं श्र सुनील कुमार जैन के मध्य रजिस्टर्ड विभाजन दिलेख क्र .एमपी25792019ए1399127 दिनांक 12.06.2019 को सम्पादित किया गया था। श्री सुधीर कुमार जैन द्वारा उक्त सम्पति श्री ओमप्रकाश मालोनिया पुत्र श्री भंताराम मालोनिया को ई-रजिस्टर्ड विक्रय दिलेख क्र .एमपी25792021ए1078767 दिनांक 23.01.2021 से विक्रय की गई थी। श्री ओमप्रकाश मालोनिया द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्व क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री गुलाब सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास -सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री भूपेन्द्र सिंह तोमर पुत्र श्री गुलाब सिंह तोमर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भवन, स्थित ग्राम खडियाहार, ग्राम पंचायत खडियाहार, पोस्ट एवं तहसील अम्बाह एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र. 464/1 ग्राम खडियाहार का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1820 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भवन श्री उदय सिंह, पश्चिम में-भवन श्री ओमप्रकाश, उत्तर में-रास्ता एवं दक्षिण में-नरूआ है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री गुलाब सिंह पुत्र श्री सीताराम एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गुलाब सिंह का स्वर्गवास दिनांक 17.11.2008 को हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री ओमप्रकाश सिंह एवं श्री भूपेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व. श्री गुलाब सिंह एवं श्रीमती फूलवती देवी पत्नी स्व. श्री गुलाब सिंह उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री भूपेन्द्र सिंह तोमर द्वारा उक्त सम्पति के संबंध में श्रीमती रेनू तोमर पत्नी श्री भूपेन्द्र सिंह तोमर के हित में सहस्वामित्व वितेख सम्पादित किये जाने हेतु ड्राफ्ट डीड तैयार की जा चुकी है एवं रजिस्टर्ड सहस्वामित्व वितेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री भूपेन्द्र सिंह तोमर एवं श्रीमती रेनू तोमर द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्व क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री गुलाब सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास -सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

सुव्यवस्थित आवागमन के लिए दिशा निर्देश जारी

सबलगढ़, 29 अगस्त । सबलगढ़ नगर में नेशनल हाईवे 552 पर घंटों तक जाम लगने के कारण अधिकांश लोग परेशान रहते हैं इसके निराकरण के लिए एक आमजन के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया था जिसमें सुझाई गई समस्याओं के लिए नगर पालिका सीएमओ को अधिकृत किया गया है।

संबंधित को नियमित सूचना देने पर राजस्व एवं पुलिस प्रशासन सहयोग करेगा एस डी एम कार्यालय में हुई बैठक में नेशनल हाईवे 552 के नगर के मध्य निकलने से आवागमन को सुव्यवस्थित बनाए जाने के लिए निर्णय लिए गए मुख्य मार्ग पर बने नाले पर चूने की लाइन डाली जाएगी किसी भी दुकान के आगे कोई भी हाथ ठेला या कोई खड़ा नहीं रहेगा 18 वर्ष से कम उम्र का कोई भी बालक ई रिक्शा वाहन चलाने पर चालान किया जाएगा यदि कोई भी नाबालिक ई रिक्शा चलाता मिलता है तो उस पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ई रिक्शा वाहनों को अलग-अलग क्षेत्र बांटे जाएंगे जिनकी कलर कोडिंग एवं नंबरिंग भी की जाएगी

यदि कोई भी ई-रिक्शा वाहन अलग क्षेत्र में चलने पर उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी नगर में बसों के आने जाने के दौरान रुकने के लिए पांच स्थान नियत किए गए हैं प्रत्येक बस स्टैंड में ही सवारी भर कर निकलेगी

नियमों का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ चालान किया जाएगा एसडीओपी राज कृष्ण का कहना नियमित आवागमन को लेकर मीटिंग में नपा सीएमओ को दिशा निर्देश दिए गए हैं वह कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र रहेंगे।इनका राजस्व एवं पुलिस प्रशासन सहयोग करेगा एसडीएम अरविंद माहौर का कहना नगर में जाम के कारण आवागमन बाधित होता था इसके संबंध में आमजन की एक मीटिंग आयोजित की गई आवश्यक सुधार के लिए कुछ बिंदु तय किए गए हैं जिनका पालन नगर पालिका करेगी संबंधित व्यक्ति को नगर पालिका सूचना देकर कार्रवाई करेगी राजस्व एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से निगरानी रखेगा तहसीलदार आशीष असवाल सीएमओ सुरेश गोयल,थाना प्रभारी राजकुमारी परमार उपस्थिति रहे।

भगवान दाऊदयाल ने पालकी में किया नगर भ्रमण

सबलगढ़, 29 अगस्त । प्राचीन दाऊदयाल जी के मंदिर से बलदेव छट के अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा प्रतिवर्ष की भांति निकाली गई। इस बार दाऊ

दयाल महाराज ने पालकी में बैठकर नगर का भ्रमण किया इस कार्यक्रम का आयोजन दाऊ दयाल सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने जगह-जगह भव्य स्वागत कर भगवान दाऊदयाल जी की पूजा अर्चना की गई। गुरुवार को सुबह नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई मंडी संतर नंबर 1,2 ,3,4 से एम एस रोड से होते हुए पुराना बाजार से पुन: दाऊजी मंदिर पर दोपहर 2:00 बजे लौटने से समापन किया जायेगा।कार्यक्रम में भव्यता लाने के लिए इस बार दाऊजी का प्रतिरूप सजाकर पालकी में बैठाया गया है दाऊदयाल जी के मंदिर पर प्रति वर्ष बलदेव छठ को यह शोभा यात्रा निकाली जाती है। भगवान दाऊदयाल के मंदिर को भी इस बार बड़े आकर्षक रूप से सजाया गया है।